# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

**मासिक प्रकाशन** | **Monthly Publication**

अक्टूबर-नवम्बर, 2010 (अंक 203) | October-November 2010 (Issue 203)



श्री के. एणलागन, माननीय वित्त मंत्री, तमिलनाडु सरकार, रा.व. संस्थान, चैन्नई केन्द्र द्वारा आयोजीत इतिराज महिला विद्यालय एगमोर, चैन्नई मे दि. 30 अक्टूबर 2010 को उत्कृष्ठ महिला प्रधान बचत योजना के अभिकर्ता श्रीमती स्मीता एस. ठक्कर को पुरस्कार प्रदान करते हुए । साथ ही (बाये से दायें) श्री टी. उतराकुमारण, आई.ए.एस. निदेशक, अल्प बचत, चैन्नई, श्री एम. सुब्रमणियम माननीय मेयर, श्री एम. एस. रामानुजन, आई.पी.एस. पोस्टमास्टर, जनसेवा, चैन्नई, श्री टी. दासरी, क्षेत्रिय निदेशक (वरिष्ठ), राष्ट्रीय बचत संस्थान, चैन्नई भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश मे मितव्ययिता दिवस मनाया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य सरकारो, डाक विभाग एवं बचत संसाधन मे जुटी अन्य एजेन्सीयो के निकट सहयोग से प्रतिवर्ष 30 अक्टूबर को विश्व मितव्ययिता दिवस मनाता है। इस वर्ष भी राष्ट्रीय बचत संस्थान ने पूरे देश में क्षेत्रीय निदेशकों के मुख्यालयों पर 30 अक्टूबर 2010 को विश्व मितव्ययिता दिवस मनाया । अन्य वित्तिय संस्थानों जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीयकृत बैकों, भारतीय जीवन बिमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने भी समारोह में भाग लिया । विश्व मितव्ययिता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगो मे बचत करने की आदत को बढावा देना एवं बचत आंदोलन के तहत अधिक से अधिक लोगो को उससे जोडना है ।

इस अवसरपर भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल, माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, माननीय वित्तमंत्री श्री. प्रणव मुखर्जी, माननीय वित्त राज्यमंत्री नमो नारायण मीना, की ओर से प्राप्त संदेशो को समारोह मे पढ़कर सुनाया गया । इस अवसर पर उपस्थित सन्माननीय अतिथियों ने राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों से कहा कि वे बचत के बारे में वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जागरूकता फैलाये क्योंकि आर्थिक विकास में बचत की महत्वपूर्ण भूमिका है । विश्व मितव्ययिता दिवस के अवसर पर एक विशेष विज्ञापन देश के प्रमुख समाचार पत्रों में डी.ए.वी.पी., नई दिल्ली के माध्यम से राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा प्रकाशित किया गया । इस कार्यक्रम की समस्त क्षेत्रीय केन्द्रों ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा प्रसारित किया गया।

राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur





श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक, रा. ब. संस्थान क्षेत्र केन्द्र, नागपुर द्वारा दि. 30 अक्टूबर 2010 को फुड कारपोरेशन ऑफ इण्डिया, नागपूर मे आयोजित विश्व मितव्ययिता दिवस समारोह में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान कर्नाटक ने अभिकर्ता एवं डाक कर्मियो के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया ।

राष्ट्रीय बचत संस्थान, बैन्लोर केन्द्र ने उनके क्षेत्र के अन्तर्गत कार्यरत डाक कर्मियो एवं अभिकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया / इस प्रशिक्षण कार्यक्रमका उद्देश्य राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभिन्न उत्पादो की जानकारी से उनके ज्ञान को अद्यतन कराना था। जिसमें की वे अपने राज्य में अल्प बचत जमा में और अधिक वृद्धि कर सके ।

इसमे भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों का यह मत था कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी उपयोगी था ।



राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपूर केंन्द्र द्वारा आयोजित ग्रामीण बचत अभियान के अंतर्गत श्री पदमसिंह क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) दिखाई दे रहे है ।

**बचत पखवाड़ा समारोह**

**31 अक्टूबर- 14 नवंबर, 2010**

# विश्व मितव्ययिता दिवस

## 30 अक्टूबर, 2010

**राष्ट्रीय बचत संस्थान इस अवसर पर लघु बचत करने वालों और राष्ट्र निर्माण में उन्हें भागीदार बनाने के प्रति अपनी वचन बद्धता दोहराता है ।**

**राष्ट्रीय बचत संस्थान**

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
भारत सरकार, सीजीओ कॉम्प्लेक्स,
सेमिनरी हिल्स,
नागपूर-440 006,
लॉग ऑन करें
"http:www.nsiindia.gov.in"

**राष्ट्रीय बचत संस्थान**



राष्ट्रपति
भारतीय, गणराज्य

**संदेश**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक 30 अक्तूबर, 2010 को " विश्व मितव्ययिता दिवस " मनाया जा रहा है ।

व्यक्तिगत जीवन की भांति राष्ट्रीय मामलों में बचत भावी समृद्धि का आधार बनती है और सुरक्षा की भावना प्रदान करती है । लघु बचत योजनाएं लोगों के लिए सुरक्षित निवेश के अवसर उपलब्ध कराती हैं। इस प्रकार जुटाए गए संसाधन राष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए एक प्रमुख माध्यम की भूमिका निभाते हैं ।

मैं पूरे देश के "विश्व मितव्ययिता दिवस" समारोहों के लिए अपनी शुभकामनाएं देती हूं ।

नई दिल्ली
25 अक्तूबर, 2010 (प्रतिभा देवीसिंह पाटिल)

वित्तमंत्री
भारत सरकार

**संदेश**

दिनांक 30 अक्तूबर, 2010 को पूरे राष्ट्र में " विश्व मितव्ययिता दिवस " मनाया जा रहा है। विश्व मितव्ययिता दिवस समारोह लोगों में मितव्ययिता और बचत की आदत को बढावा देने की हमारी वचनबद्धता और हमारे प्रयासों को मजबूत करने को नया रूप देने का एक अवसर प्रदान करता है ।

लघु बचत अभियान न केवल लोगों में मितव्ययिता की आदत को बढ़ावा देता है और लघु निवेशकों को अच्छा प्रतिलाभ प्रदान करता है बल्कि देश के नियोजित सामाजिक और आर्थिक विकास की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निधियां भी जुटाता है । इस प्रकार जुटाया गया संसाधन राष्ट्र के आर्थिक विकास में एक माध्यम के रूप में प्रयुक्त हुआ है।

इस अवसर पर मैं आरंभ किए गए कार्यकलापों की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं ।

नई दिल्ली
25 अक्तूबर, 2010 (प्रणव मुखर्जी)

वित्त राज्यमंत्री (व्यय, बैंकिग एवं बीमा)
भारत सरकार

**संदेश**

दिनांक 30 अक्तूबर, 2010 को मनाए जा रहे " विश्व मितव्ययिता दिवस " के अवसर पर मैं राष्ट्रीय बचत संस्थान, डाकघरों, बैंकों, सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन और सभी अन्य संस्थानों जो संसाधन जुटाने में शामिल हैं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

मितव्ययिता प्राचीन भारतीय गुण है और भारत विकासशील विश्व में अधिकतम बचत दरों वाले देशोंमें एक है । लघु बचत आंदोलन ने लघु बचतकर्ताओं के बचतों को हमारे देश के योजनाबद्ध आर्थिक विकास हेतु काम में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

इस अवसर पर मैं अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करने में प्रसन्नता महसूस कर रहा हूं ।

नई दिल्ली
25 अक्तूबर, 2010 (नमो नारायन मीना)

# सितंबर 2010 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | सितंबर 2009 तक | | सितंबर 2010 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| | | Gross | Net | Gross | Net |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 7426.71 | 751.70 | 10583.64 | 1231.98 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 71.26 | 25.30 | 89.84 | 30.74 |
| 3 | असम | 1207.61 | 4.61 | 1644.28 | 451.78 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 20.04 | 8.17 | 25.38 | 10.25 |
| 5 | बेस (आर्मी पोस्टल ऑफीस) | 257.67 | 66.05 | 234.41 | 44.25 |
| 6 | बिहार | 4038.84 | 959.87 | 5282.56 | 1154.13 |
| 7 | झारखंड | 1866.81 | 496.25 | 2749.16 | 809.39 |
| 8 | चंडीगढ़ | 351.66 | 66.53 | 467.70 | 38.78 |
| 9 | दमण एवं दीव | 292.32 | 44.96 | 477.07 | 128.78 |
| 10 | दिल्ली | 3719.93 | 352.49 | 5703.41 | 1411.04 |
| 11 | गोवा | 263.18 | 55.31 | 416.53 | 107.76 |
| 12 | गुजरात | 8750.64 | 1478.43 | 10341.40 | 1611.79 |
| 13 | हरियाणा | 2730.87 | 363.57 | 3458.25 | 615.13 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 1421.78 | 185.74 | 1989.83 | 458.63 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 654.14 | 21.87 | 909.28 | 180.27 |
| 16 | कर्नाटक | 3607.94 | 66.45 | 5281.34 | 1233.13 |
| 17 | केरल | 2695.21 | -120.75 | 3724.99 | 240.58 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1.57 | 0.11 | 1.45 | 0.27 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2844.49 | 236.48 | 4071.82 | 713.93 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 1170.14 | 112.53 | 1763.99 | 277.23 |
| 21 | महाराष्ट्र | 8555.59 | 1108.17 | 12262.29 | 2800.51 |
| 22 | मणिपुर | 56.18 | -3.75 | 60.12 | -4.14 |
| 23 | मेघालय | 112.73 | 22.14 | 161.18 | 48.43 |
| 24 | मिझोरम | 52.60 | 9.88 | 71.08 | 14.74 |
| 25 | नागालैंड | 23.25 | 2.72 | 34.90 | 13.11 |
| 26 | उड़ीसा | 1755.68 | 418.45 | 2511.19 | 695.38 |
| 27 | पुदुचेरी | 73.55 | 9.78 | 108.12 | 33.21 |
| 28 | पंजाब | 4553.33 | 574.98 | 5597.20 | 397.97 |
| 29 | राजस्थान | 6100.52 | -382.63 | 6502.37 | 203.48 |
| 30 | सिक्कीम | 34.25 | -4.06 | 81.26 | 26.42 |
| 31 | तमिलनाडू | 5231.65 | -52.71 | 7034.59 | 479.11 |
| 32 | त्रिपूरा | 283.29 | 29.28 | 466.55 | 116.19 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 9413.89 | 1767.19 | 12150.65 | 2378.00 |
| 34 | उत्तरांचल | 1507.29 | 332.65 | 1925.79 | 502.75 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 13092.72 | 3184.64 | 17799.94 | 5356.77 |
| | कुल | 94239.33 | 12192.39 | 125983.52 | 23811.77 |

**टिप्पणी :** डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.